शुक्रवार • 04.04.2025

अमर उजाला 02

amarujala.com/dehradun

# उत्तराखंड तकनीकी विवि में वार्षिक उत्सव कौथिग शुरू



कौथिग में आयोजित दौड़ में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। स्रोत: विवि

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के वार्षिक उत्सव कौथिग का शुभारंभ बृहस्पतिवार को किया गया। दो दिवसीय उत्सव के पहले दिन देश की संस्कृति की झलक देखने को मिली।

इससे पहले भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट ले. जनरल संदीप जैन ने बतौर मुख्य अतिथि उत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विवि से संबद्ध एवं परिसर संस्थानों के 1200 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रही हैं। पहले दिन तकनीकी क्षेत्र में प्रोजेक्ट इनोवेशन हैकार्थोन और सामान्य जागरूकता प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।

साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य व गायन के साथ नाटक मंचन, बैटल ऑफ बैंड व मुशायरा के अलावा लंबी कूद, चक्का फेंक, 100 व 200 मीटर दौड़ में अपना दम दिखाया। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह समेत शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। मा.सि.रि.